**Series OSS**

Code No. **59/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **35** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# POLITICAL SCIENCE
# राजनीति विज्ञान

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 100*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 100*

**General Instructions :**

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *Questions number* ***1*** *to* ***10*** *are of* ***one*** *mark each. The answers to these questions should not exceed* ***20*** *words each.*

*(iii)* *Questions number* ***11*** *to* ***20*** *are of* ***two*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***40*** *words each.*

*(iv)* *Questions number* ***21*** *to* ***30*** *are of* ***four*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***100*** *words each.*

*(v)* *Questions number* ***31*** *to* ***35*** *are of* ***six*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

*(vi)* *Question number* ***23*** *is based on Map. Write the answer in your Answer-Book.*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

*(ii)* प्रश्न संख्या **1** से **10** का प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(iii)* प्रश्न संख्या **11** से **20** का प्रत्येक प्रश्न **दो** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(iv)* प्रश्न संख्या **21** से **30** का प्रत्येक प्रश्न **चार** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(v)* प्रश्न संख्या **31** से **35** का प्रत्येक प्रश्न **छः** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(vi)* प्रश्न संख्या **23** मानचित्र पर आधारित है । उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

**1.** Mention the impact of the end of the Cold War. *1*

शीत युद्ध की समाप्ति के प्रभाव का उल्लेख कीजिए ।

2. Write the full form of the following : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(a) UNCTAD

(b) WMD

निम्नलिखित के विस्तृत रूप लिखिए :

(क) यू.एन.सी.टी.ए.डी.

(ख) डब्ल्यू.एम.डी.

3. How many judges are there in the International Court of Justice and what is their tenure ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या कितनी है तथा उनका कार्यकाल क्या है ?

4. How many member-states were there in the United Nations in 2006 ? *1*

2006 में संयुक्त राष्ट्र-संघ के सदस्य-राज्यों की संख्या कितनी थी ?

5. Bharatiya Jana Sangh laid emphasis on which two main ideas ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

भारतीय जनसंघ ने किन दो प्रमुख विचारों पर विशेष बल दिया ?

6. What is meant by 'committed judiciary' ? *1*

'प्रतिबद्ध न्यायपालिका' से क्या अभिप्राय है ?

7. After the death of Lal Bahadur Shastri on 10$^{th}$ January 1966, how did Indira Gandhi become the next Prime Minister ? *1*

10 जनवरी, 1966 को लाल बहादुर शास्त्री के निधन के पश्चात्, इंदिरा गांधी किस प्रकार अगली प्रधानमंत्री बन गईं ?

8. Correct and rewrite the statement given below : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

Gaya Lal, an M.P. from the Haryana Legislature in 1967, changed his party twice in a fortnight.

निम्नलिखित कथन को सही करके पुनः लिखिए :

हरियाणा की विधायिका के सांसद, गया लाल ने 1967 में दो सप्ताह में दो बार दल बदला ।

9. What was the anti-arrack movement ? *1*

ताड़ी-विरोधी आंदोलन क्या था ?

**10.** What is meant by 'Punjab Accord' of 1985 ? *1*

1985 के 'पंजाब समझौते' से क्या अभिप्राय है ?

**11.** Name any two significant agreements signed by the two superpowers in 1960s. *1+1=2*

1960 के दशक में दोनों महाशक्तियों ने कौनसे दो महत्त्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए ?

**12.** For how many years did the Civil War continue in Tajikistan ? When did it come to an end ? *1+1=2*

ताज़िकिस्तान में हुआ गृह युद्ध कितने वर्ष तक चलता रहा ? यह गृह युद्ध कब समाप्त हुआ ?

**13.** In 2003, the United States along with about 40 countries launched its invasion on Iraq in the name of preventing the development of weapons of mass destruction. Since no evidence of it was unearthed, what could be another reason for this invasion ? *2*

2003 में, अमरीका तथा उसके साथ लगभग 40 देशों ने मिलकर, सामूहिक संहार के हथियार बनाने से इराक को रोकने के नाम पर आक्रमण कर दिया । परन्तु इराक में इन हथियारों की मौजूदगी के कोई प्रमाण नहीं मिले । इस आक्रमण का क्या कोई अन्य कारण भी हो सकता था ?

**14.** Mention any two advantages of having international organisations in the world. *2×1=2*

विश्व में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के होने के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए ।

**15.** Write the full form of any ***four*** of the following U.N. bodies : $4\times\frac{1}{2}=2$

(a) UNESCO

(b) OPCW

(c) UNRISD

(d) WMO

(e) UNHCR

निम्नलिखित संयुक्त राष्ट्र-संघ के संगठनों तथा एजेंसियों में से किन्हीं **चार** का विस्तृत रूप लिखिए :

(क) यू.एन.इ.एस.सी.ओ.

(ख) ओ.पी.सी.डब्ल्यू.

(ग) यू.एन.आर.आई.एस.डी.

(घ) डब्ल्यू.एम.ओ.

(ङ) यू.एन.एच.सी.आर.

**16.** Mention any two challenges faced by India at the time of our independence. *1+1=2*

भारत की स्वतंत्रता के समय, देश के समक्ष आई किन्हीं दो चुनौतियों का उल्लेख कीजिए ।

**17.** When was the Election Commission of India set up ? Who was its first Chief Election Commissioner ? *1+1=2*

भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना कब हुई ? इसका प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त कौन था ?

**18.** Why did India not join either of the two superpower camps during the Cold War era ? *2*

शीत युद्ध के काल में भारत दोनों महाशक्तियों के कैम्पों में से किसी एक में भी सम्मिलित क्यों नहीं हुआ ?

**19.** What is meant by 'Grand Alliance' ? *2*

'ग्रैंड अलायंस' से क्या अभिप्राय है ?

**20.** Describe the outcome of the 'Assam Accord' of 1985. *2*

1985 के 'आसाम समझौते' के परिणाम का वर्णन कीजिए ।

**21.** Explain any four factors responsible for the disintegration of the Soviet Union. *4×1=4*


सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारकों की व्याख्या कीजिए ।

**22.** What is meant by US hegemony ? Describe any two constraints on the US hegemony. *2+2=4*

अमरीकी वर्चस्व से क्या अभिप्राय है ? अमरीकी वर्चस्व के मार्ग में आने वाले किन्हीं दो अवरोधों का वर्णन कीजिए ।


**23.** In the given map of the European Union, identify and write the names of four old members marked as A, B, C and D and four new members marked as P, Q, R and S in your Answer-Book. *2+2=4*

**EUROPE - POLITICAL**



यूरोपीय संघ के दिए गए मानचित्र पर चार पुराने सदस्य राज्यों को A, B, C और D द्वारा तथा चार नए सदस्यों को P, Q, R और S द्वारा दर्शाया गया है । इनकी पहचान करते हुए, इनके नाम अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

**यूरोप – राजनैतिक**




**The following question is for Blind Candidates only in lieu of Q. No. 23.**

**निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 23 के स्थान पर है ।**

Answer the following questions :

(a) List any four old members of the European Union.

(b) State any four new members of the European Union.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) यूरोपीय संघ के किन्हीं चार पुराने सदस्यों को सूचीबद्ध कीजिए ।

(ख) यूरोपीय संघ के किन्हीं चार नए सदस्यों के नाम लिखिए ।

24. Highlight any two issues of cooperation as well as confrontation each between India and Bangladesh. 2+2=4

भारत तथा बांग्लादेश के बीच सहयोग तथा संघर्ष के किन्हीं दो-दो मुद्दों को उजागर कीजिए ।

25. Describe any four proposed criteria for the new permanent and non-permanent members of the Security Council in order to improve its functioning. 2+2=4

सुरक्षा परिषद् की कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए नए स्थायी तथा अस्थाई सदस्यों के लिए किन्हीं चार प्रस्तावित मापदंडों का वर्णन कीजिए ।

26. Explain the importance and role of the concept 'common but differentiated responsibility' pertaining to the environment. 4

पर्यावरण से सम्बन्धित 'जिम्मेवारी साझी, भूमिकाएँ अलग-अलग' की धारणा के महत्त्व तथा भूमिका की व्याख्या कीजिए ।

27. How was the Planning Commission of India set up ? Mention its scope of work. 2+2=4

भारत के योजना आयोग की स्थापना किस प्रकार हुई ? इसके कार्यों के दायरे का उल्लेख कीजिए ।

28. Explain any four Directive Principles of State Policy related to the promotion of international peace and security. 4×1=4

राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों में से किन्हीं चार की व्याख्या कीजिए जो अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा सुरक्षा से सम्बन्धित हैं ।

29. Why was the year 1967 considered a landmark year in India's political and electoral history ? Explain. 4

भारत के राजनीतिक और चुनावी इतिहास में 1967 के वर्ष को अत्यन्त महत्त्वपूर्ण पड़ाव क्यों माना जाता है ? व्याख्या कीजिए ।

30. What are popular movements ? Explain any three issues related to women which brought social awareness amongst them. 1+3=4

जन आंदोलन क्या हैं ? महिलाओं से सम्बन्धित किन्हीं तीन मुद्दों की व्याख्या कीजिए जिनसे उनमें सामाजिक जागरूकता पैदा हुई ।

31. Analyse any six factors which helped the Soviet Union in becoming a superpower after the Second World War. 6×1=6

**OR**

What is Non-Aligned Movement ? Examine any two of its points of criticism. Also explain any two of its value points and enduring ideas. 2+2+2=6

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात्, सोवियत संघ को एक महाशक्ति बनाने में सहायक किन्हीं छः कारकों का विश्लेषण कीजिए ।

**अथवा**

गुट-निरपेक्ष आंदोलन क्या है ? इसकी आलोचना के किन्हीं दो बिन्दुओं का परीक्षण कीजिए । इसके किन्हीं दो आधारभूत मूल्यों और स्थायी विचारों की व्याख्या भी कीजिए ।

**32.** How far did the U.N. perform its role successfully in maintaining peace in the world ? Explain. *6*

**OR**

Explain the factors responsible for Pakistan's failure in building a stable democracy. Describe any two pro-democracy factors present in Pakistan which can pave the way for establishing a lasting democratic set-up over there. *4+2=6*

संयुक्त राष्ट्र-संघ ने किस सीमा तक विश्व में शांति स्थापित करने की भूमिका सफलतापूर्वक निभाई है ? व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

पाकिस्तान में स्थायी लोकतंत्र के निर्माण की असफलता के लिए उत्तरदायी कारकों की व्याख्या कीजिए । पाकिस्तान में स्थायी लोकतांत्रिक ढाँचे का मार्ग प्रशस्त करने में सहायक किन्हीं दो लोकतंत्र-समर्थक कारकों का वर्णन कीजिए ।

**33.** What was the States Reorganisation Commission ? When was it constituted ? What was the most important recommendation of this Commission ? *3+1+2=6*

**OR**

Assess any two causes of the partition of India in 1947. Explain any four of its consequences. *2+4=6*

राज्य पुनर्गठन आयोग क्या था ? इसका गठन कब हुआ ? इस आयोग की सबसे महत्त्वपूर्ण सिफारिश क्या थी ?

**अथवा**

1947 में हुए भारत के विभाजन के किन्हीं दो कारणों का आकलन कीजिए । इस विभाजन के किन्हीं चार परिणामों की व्याख्या कीजिए ।

**34.** "With two successive election victories at the Centre as well as in the States in 1971, the dominant position of the Congress Party was restored." Do you agree ? State any three arguments in support of your answer. *3×2=6*


**OR**

"Governments that are perceived to be anti-democratic are severely punished by the voters." Explain the statement with reference to the emergency period of 1975 – 77. *6*

"1971 में केन्द्र तथा राज्य दोनों स्तरों पर लगातार चुनाव में विजय प्राप्त करने के पश्चात्, कांग्रेस पार्टी ने अपने प्रभुत्व को पुनः स्थापित कर लिया ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में किन्हीं तीन तर्कों का उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

"जिन सरकारों को लोकतंत्र-विरोधी माना जाता है, मतदाता उन्हें भारी दंड देते हैं ।" 1975 – 77 के काल की आपातकालीन स्थिति के संदर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए ।

**35.** 


Study the cartoon given above and answer the following questions : *3×2=6*


(i) Why is the girl shown in the cartoon not worried about whether it is a single party or a coalition government ?

(ii) Does a coalition government involve more compromises and why ?

(iii) Do you think we can have bold and imaginative policies in a coalition government, and why ?

**OR**

"The era of coalition in India started in 1989, which has come to stay in a big way." Do you agree ? Substantiate your answer by any three arguments. *3×2=6*




ऊपर दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) कार्टून में दिखाई गई लड़की, इस बात से चिंतित क्यों नहीं कि सरकार एक-दलीय है या गठबंधन की ?

(ii) क्या गठबंधन की सरकारों में समझौते अधिक होते हैं और क्यों ?

(iii) क्या आपके विचार में गठबंधन की सरकारों की नीतियाँ साहसी तथा कल्पनाशील हो सकती हैं ? क्यों ?

**अथवा**

"गठबंधन का युग 1989 से प्रारम्भ हुआ और धीरे-धीरे भारत की राजनीति में स्थायी हो गया ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर की पुष्टि में कोई तीन तर्क दीजिए ।